# बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

**विज्ञापन सं॰– 11/2016**, राज्य के इन्दिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान (पी॰एम॰सी॰एच॰) में निदेशक के रिक्त 01 (एक) पद पर नियुक्ति के लिए पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन सं॰– 05/2016 को रद्द करते हुए नये सिरे से राज्य के इन्दिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान (पी॰एम॰सी॰एच॰) में निदेशक के रिक्त 01 (एक) पद पर नियुक्ति हेतु सुयोग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

**नोट :– वि॰सं॰– 05/2016 के तहत् आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को पुनः नये सिरे से आवेदन एवं शुल्क जमा करना अपेक्षित होगा।**

2. **वेतनमान** :– वेतनमान– 37400–67000/– + ग्रेड पे 8700/–
3. **अनिवार्य योग्यता** :– एम॰डी॰ (जेनरल मेडिसिन) एवं डी॰एम॰ (कार्डियोलोजी) अथवा एम॰एस॰ (जेनरल सर्जरी) एवं एम॰सी॰–एच॰ (कार्डियोथोरासिक सर्जरी) डिग्री के अतिरिक्त भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त कार्डियोलोजी संस्थान में 15 वर्षों का कार्यानुभव आवश्यक होगा।
   - ❖ योग्यता निर्धारण का कट–ऑफ–डेट – 01.08.2015

   **नोट :– इन्दिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान के अर्हता प्राप्त पदाधिकारी भी आवेदन कर सकेंगे।**
4. **उम्र सीमा** :– अधिकतम उम्र सीमा 65 वर्ष।
   - ❖ उम्र गणना के लिए कट–ऑफ–डेट – 01.08.2015
5. **चयन का आधार :– साक्षात्कार के आधार पर।**

   साक्षात्कार के लिए अंक का निर्धारण आयोग द्वारा अलग से किया जाएगा तथा इसकी सूचना ससमय दी जाएगी। उक्त विज्ञापन के विरूद्ध अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या एवं प्रक्रिया के संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।
6. **शुल्कः**

   केवल बिहार राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के लिए 25/– (पचीस) रूपये + बैंक चार्ज 50/– (पचास) रूपये; कुल 75/– (पचहत्तर) रूपये तथा बिहार राज्य के अन्य कोटि के उम्मीदवारों एवं अन्य राज्यों के सभी कोटि के उम्मीदवारों के लिए 100/– (एक सौ) रूपये + बैंक चार्ज 50/– (पचास) रूपये; कुल 150/– (एक सौ पचास) रूपये चालान के माध्यम से आयोग के **खाता संख्या 31650243410** में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में जमा करना होगा। इस विज्ञापन के चालान का प्रपत्र आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in से आवेदन प्रपत्र के साथ डाउनलोड कर व्यवहार में लाया जा सकता है। **उम्मीदवार चालान की एक प्रति (BPSC's Copy) आवेदन पत्र के साथ निश्चित रूप से संलग्न करेंगे तथा तीसरी प्रति (Depositor's Copy) अपने पास सुरक्षित रखेंगे।**
7. अन्यः

   अपूर्ण, अहस्ताक्षरित तथा विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिये जायेंगे तथा शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।
8. अंतिम तिथिः
   - (i) **पूर्णरूपेण भरा हुआ आवेदन पत्र केवल निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेंजे कि वह सोमवार, 24 अक्टूबर, 2016 के अपराह्न 5.00 बजे तक अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, 15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001 को अवश्य प्राप्त हो जाए।**
   - (ii) **यदि डाक सेवा में विलम्ब के कारण किसी अभ्यर्थी का आवेदन पत्र आयोग कार्यालय में निर्धारित अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होगा, तो वैसे आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जायेगा और इसके लिए आयोग कतई जिम्मेवार नहीं होगा।**

## आवेदन–पत्र भरने हेतु आवश्यक निर्देश

1. प्रविष्टिः

**(i)** आवेदन–पत्र, इस विज्ञापन के लिए निर्धारित प्रपत्र में ए–4 आकार (210×297 मिमी॰) के मोटे कागज पर आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in से डाउनलोड कर व्यवहार में लायें। **आवेदन प्रपत्र तीन पृष्ठों में ही होना चाहिए। इस विज्ञापन के लिए निर्धारित प्रपत्र से अलग, मुद्रित, टंकित, हस्तलिखित आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

**(ii) आवेदन–पत्र की सभी प्रविष्टियाँ नीले/काले इंक के बॉल प्वाइंट पेन से स्वहस्तलिपि में साफ–साफ अंकित करें। चूंकि आवेदन कम्प्यूटरीकृत प्रणाली द्वारा प्रोसेस किया जाना है, अतः यह अनिवार्य है कि आवेदन निर्धारित प्रपत्र में ही हो; उचित एवं पूर्ण रूप से भरा हो और उसमें कोई संशोधन/परिवर्तन/ओवरराइटिंग नहीं हो। आवेदन भरने हेतु अंग्रेजी के अंतर्राष्ट्रीय अंकों का ही प्रयोग करें।**

**(iii)** आवेदन–पत्र में रिक्त आयतों को समुचित तरीके से इस प्रकार भरें, जैसेः–

(i) **आवेदन की कंडिका 1(i) में देवनागरी लिपि में नाम, यथा; स्निग्धा, इस प्रकार भरा जाय –**

| स्‌ | न | ग | धा |
|---|---|---|---|

(ii) **हिन्दी अथवा अंग्रेजी में एक शब्द के बाद एक ब्लॉक रिक्त रखें, यथा– ANIL KUMAR RAM को बाक्स में इस तरह लिखेंगें एवं तदनुसार ही ब्लॉक को भरेंगे :–**

| A | N | I | L | | K | U | M | A | R | | R | A | M |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

(iii) **आवेदन की कंडिका 2(iii) में यदि आप किसी आरक्षित वर्ग से हैं तो 1 भरें एवं नहीं हैं तो 2 भरें।**

(iv) **आवेदन की कंडिका 2(iv) में, आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार संबंधित आरक्षित वर्ग का कोड अनुसूचित जाति के लिये 02, अनुसूचित जनजाति के लिये 03, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिये 04, एवं पिछड़ा वर्ग के लिये 05 भरें।**

उसी प्रकार सभी स्तम्भ (कॉलम) के आयतों को भरें। **अपूर्ण अथवा अनुचित तरीके से भरे गये आयतों को अधूरी/अपूर्ण सूचना समझी जायेगी एवं आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा।**

**(iv)** जो स्तम्भ (कॉलम) उम्मीदवार से संबंधित न हो अथवा उसपर लागू न हो, उसे क्रॉस (×) कर दें।

**(v)** स्तम्भ (कॉलम) 09 में उम्मीदवार अपनी शारीरिक पहचान का एक विशिष्ट चिह्न अवश्य अंकित करें जो दूसरों से उनकी पहचान पृथक कर सके।

**(vi)** स्तम्भ (कॉलम) 10 में यदि कोई सूचना विज्ञापन में वांछित हो, तब ही भरें। अन्यथा, उसे क्रॉस (×) कर दें।

2. <u>फोटोग्राफ</u>:
आवेदन–पत्र के पृ० 1 एवं 3 पर फोटो चिपकाने हेतु निर्धारित खाली जगह में अंकित निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। **फोटो स्टेपल करें या सेलोटेप से न साटें। गोंद से अच्छी तरह चिपकाएँ।** दोनों फोटो एक ही तरह का हाल का खींचा हुआ होना चाहिए। पुराना एवं अस्पष्ट फोटो/आवेदन–अस्वीकृति का कारण हो सकता है। **फोटो इस प्रकार स्वअभिप्रमाणित किया जाय कि हस्ताक्षर का आधा भाग आवेदन पर एवं शेष आधा भाग फोटो पर रहे।**

3. <u>लिफाफा एवं प्रमाण पत्र</u>:
(i) **विहित आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रतियां अनुलग्नक के रूप में क्रमवार अवश्य संलग्न करें।**
(ii) **विहित आवेदन पत्र के साथ मैट्रिक प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता एवं विशिष्ट योग्यता से सम्बन्धित प्रमाण पत्र तथा अंक पत्र, यथा एम॰बी॰बी॰एस॰ की सभी परीक्षाओं के अंक पत्र, एम॰डी॰/एम॰एस॰/डी॰एन॰बी॰/डी॰एम॰/एम॰सी॰–एच॰ का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र, संबंधित नियंत्री पदाधिकारी द्वारा निर्गत कार्यानुभव प्रमाण पत्र, जिसमें कार्य करने की अवधि तथा उक्त संस्थान के भारतीय चिकित्सा परिषद् (एम॰सी॰आई॰) से मान्यता प्राप्त होने का स्पष्ट उल्लेख हो। मेडिकल कॉउन्सिल का स्थायी निबंधन प्रमाण–पत्र एवं परीक्षा शुल्क में छूट प्राप्त करने वाले उम्मीदवार जाति प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रतियां अनुलग्नक के रूप में संलग्न करेंगे।**
(iii) बैंक में जमा चालान की मूल BPSC प्रति भी आवेदन प्रपत्र के साथ संलग्न करेंगे।
(iv) आवेदक उपर्युक्त सभी प्रमाण–पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे। जो प्रमाण–पत्र आवेदन के साथ आवेदक द्वारा संलग्न नहीं किया जाएगा, बाद में आयोग द्वारा उनका संज्ञान नहीं लिया जाएगा।
(v) **16 × 10 से॰मी॰ का स्वपता लिखित दो लिफाफा (अनुक्रमांक तथा प्रवेश पत्र निर्गत करने हेतु), जिनपर 40–40 रूपये का डाक टिकट सटा हो, विहित आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।**
(vi) **जिस लिफाफे में आवेदन पत्र भेज रहे हैं, उस लिफाफा के ऊपर विज्ञापन संख्या एवं पद का नाम, जिसके लिए आपने आवेदन किया है, अनिवार्य रूप से अंकित करें। उसपर अपना पूरा पता अंकित करें।**

28/9/16

अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना